[Shri Ghulam Rasool Matto]

there is a gap of one month, three weeks to one month, before the Demands for Grants are presented and then it takes about two months before the Finance Bill comes up for discussion in the Lok Sabha. The idea is that the Government gets the feedback and comes up with certain positive suggestions. Then, the Finance Bill comes up for discussion in the Lok Sabha. The Members get an opportunity to discuss all the proposals and also offer some suggestions. The Finance Minister takes note of the feedback he has received from all over the country as well as the suggestions made in the House. When this is done by him, he comes up with certain modifications. The Finance Min-
6.00 P.M. ister came out with these modifications the other day. Sir, it is 6.00 o'clock, am I to continue?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I will tell you when to stop.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: When the feed-back is received the Finance Minister reacts to them, makes certain concessions, amendments, alterations. After these modifications have been announced in the Lok Sabha, they come to us and it is only a formality that we have to give our views. Otherwise, in this House many people make good suggestions. Mr. A. G. Kulkarni made very valuable contributions today, but what is the result?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now the Home Minister will make the Statement and you can continue after that.

STATEMENT BY MINISTER

II. Killings by Terrorists on 7th May, 1988, in Panipat, Haryana.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, it is with a great sense of sorrow and anguish that I rise to inform this House of the ghastly and tragic incident in Panipat on the night of 7th of May.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY (Andhra Pradesh): Such incidents are taking place every day in Punjab and other places.

SHRI P. CHIDAMBARAM: On 7th May, 1988, at about 11.30 p.m., 3 or 4 terrorists struck at a marriage party in the outstrikes of Panipat City with AK-47 rifles. The marriage party belonged to Bagri Lohar, a nomadic tribe, and at the time of the incident, the people were seeing a film on the video. The terrorists came from the fields and escaped after committing the crime. The incident resulted in the death of 13 persons including 3 women and injuries to 26 including 5 children and 5 women. The injured are undergoing medical treatment and are reported to be out of danger. 92 empty cartridges have been recovered from the scene of crime.

An *ex-gratia* grant of Rs. 20,000/- to the next of kin of each of the dead and Rs. 10,000/- to each of the injured has been announced by the Chief Minister, Haryana who visited the spot. Rs. 10,000/- each has also been sanctioned to 2 brides whose marriages were to be solemonized. A high level meeting of police and civil officers under the Chairmanship of Chief Minister has been held at the State level to review the situation. A meeting of the Peace Committee consisting of residents of Panipat City was addressed by Chief Minister and the citizens urged to maintain peace and communal harmony.

This is the second incident of terrorist attack in less than one month in Haryana. The Members will recall that on the 9th of April, Dr. Harnam Singh, MLA belonging to the CPI was attacked at Sahbad, District Kurukshetra killing his son, daughter-in-law and another relative. Dr. Harnam Singh, his wife and 2 others were injured.

The Home Minister has held a meeting today with the Directors General of Police of Punjab and Haryana, Commissioner of

Police, Delhi, Directors General in the CRPF and BSF, Officers, Intelligence Bureau and officers of the Home Ministry. Security arrangements against terrorist activities were reviewed. A general alert has been issued to all neighbouring States. 3 companies of para-military forces are being sent to Haryana to assist the State Government. In order to meet the threat posed by sophisticated arms of the terrorists, some modern arms have been supplied to the Government of Haryana and some more will be supplied shortly.

There has been a spurt of terrorist activities in Punjab also and I have already informed Hon'ble Members of some of the details of the Action Plan we are implementing to combat terrorist activities in Punjab. Action has already been initiated on all the points. Steps are already being taken for more effective policing of the border. The police set up is being reorganised and bettter arms and equipment are being provided. This has already started yielding results and the security forces have been able to eliminate some hard core terrorists in recent weeks. A comprehensive programme to mobilize the masses against terrorism is being worked out by the Punjab Government and will be implemented with the cooperation of all political parties.

The incident of 7th May is an example of the extent to which the terrorists can go in order to achieve their nefarious objectives. It is a grim reminder that terrorism is a nationwide problem and has to be fought not only in Punjab but everywhere. We are maintaining close contact with all the State Governments and I assure the House that we shall do our utmost to meet this challenge posed by the terrorists.

I am confident that this House will join me in condemning such acts of violence aimed at creating disharmony and misunderstanding amongst different sections of society. We sympathize with the bereaved families. The extraordinary quality of our people is that in the face of the gravest provocation they have maintained communal harmony. I appeal to all the communities and all sections of public opinion to continue to uphold the spirit of communal harmony and peace and continue to work with one another in order to defeat the evil designs of terrorists and anti-national forces.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): There are nine Members who want to seek clarifications. So I would request you to be as brief as possible. Shri A. G Kulkarni.

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Sir, very recently we discussed this issue when a Bill was moved in this House and the Government informed the House about the steps that it is going to take to combat this menace of terrorism. I am really very much disturbed. Particularly I do not understand how and in what language we should express not only our anguish but, what you call it, our anger that every day we see 23 people killed, 30 people killed, 10 people killed or 5 people killed. It is really beyond my conception at least how to appreciate and how to help the Government to take some stringent steps. But anyway this is the position. Now it is getting escalated to Haryana. Previously also there was an incident in Haryana, but now it is being escalated. Whatever you may say you cannot avoid communal feelings being injected because the terrorists are now moving out and fanning out. For this purpose, I only want to seek two or three clarifications.

I sympathise with the Home Minister. I know difficulties are more and whatever I may submit is not going to solve the problem immediately; we have to bear with it. This I understand. But during the discussion held recently, it was specifically mentioned, as per the news items, that one of the correspondents had gone into the Golden Temple and interviewed members of the militant organisations. From that it seems that there is a conflict in the various militant organisations and perhaps it might lead to an outbreak of violence in the Golden Temple itself. They say that even fortifications are being raised inside Golden Temple and various other measures are being taken.

[Shri A. G. Kulkarni]

I am very sorry to give expression to my feelings. We very recently passed the 59th Amendment. It is now up to the Government to see whether to use this. Because one has to crush it. As far as I know it was limited to two or three districts in that area. Now it is getting escalated. So unless such strong measures are taken, this menace will not be stopped.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Madhya Pradesh): So you want Emergency.

SHRI A. G. KULKARNI: I do not know.

SHRI V. NARAYANASAMY: (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is very unfortunate that 13 persons were killed and 26 injured in the terrorist attack in Haryana. But the information furnished by the hon. Minister does not give the full details regarding the Panipat incident. Because, it is very well known that the terrorist activity has been curbed in Punjab to a certain extent and, therefore, the terrorists are spreading to other parts of the country. The Haryana incident and the consequent incidents of May 3, May 7 and this incident are a sequence of events because of terrorists activity being curbed in Punjab.

The report which the honourable Minister has given does not give the full picture of the incident. I would like to know, very clearly, three or four points from the honourable Minister. The honourable Minister has said that AK-47 rifles have been used. I would like to know whether any weapons have been seized from the scene of occurrence because the Minister has said that only 92 catridges have been recovered from the scene of occurrence. How did they come to the conclusion that AK-47 rifles were used by the terrorists? I would like to know it because newspaper reports say that the empty cartridges which have been recovered from there were of different boxes. Therefore, I would like to know which were the weapons used. Secondly, Sir, this is a new type of terrorist activity, because it is reported that the terrorists were masked persons. In Punjab we had seen a series of incidents wherein the terrorists did not use masks. I would like to know whether these persons used masks at the time of attack. Then, Sir, the Sadar Police Station is only about a hundred yards away from the scene of occurrence. But, according to the information given to us, the police took more than one hour to reach the place of occurrence. Why did the police take such a long time to reach the place? Another important aspect is that there was an intelligence report that there was going to be an incident in that area. The police were informed, but even after that the police were inactive. Therefore, from this point of view I would like to get the information from the honourable Minister whether the incident took place even after the information was given to the police and why the police had not taken preventive action relating to the marriage party where there was indiscriminate firing by terrorists and whether masks were used by terrorists, which is a new style adopted by them.

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, पानीपत की भयंकर दुर्घटना के बारे में हमारे गृह मंत्री जी ने वक्तव्य दिया है। आज एक साल से अधिक हो गया है जब पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू है और राष्ट्रपति शासन का अर्थ होता है कि यहां की सरकार वहां के लिये जिम्मेदार है। यहां का प्रधानमंत्री वहां का सर्वेसर्वा है। बीच में कोई दूसरी चुनी हुयी सरकार नहीं है और इसलिये जो कछ पंजाब में गतिविधि हो रही है, जिसका कि परिणाम देश के अन्य भागों में हो रहा है, इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी केन्द्र सरकार के ऊपर है।

मैं अभी पिछले सप्ताह पंजाब में पठानकोट, गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर तथा जालंधर स्थानों में गया था। वहां बड़ी मात्रा में गांव के रहने वाले गैर-सिख पलायन करके शहरों में आ गये हैं और पलायनकर्त्ताओं की मनःस्थिति अत्यन्त क्षुब्ध है और उनके कथनानुसार आज गांव के अन्दर सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक तो भारत सरकार का राज हो सकता है, लेकिन सूर्यास्त से सूर्योदय तक भारत सरकार का राज नहीं है—वहां

सरकारी अधिकारी नहीं हैं, बी०डी०ओ० नहीं हैं, बिजली विभाग का कर्मचारी नहीं है, जो सरकारी पुलिस के अफसर हैं, वह भी दिन में ही जाते हैं, रात में नहीं जाते। सी०आर०पी०एफ० के लोग जिन-जिन गांवों में हैं, वहां के लोगों ने अपनी आप-बीती यह सुनाई कि अगर रात के आठ बजे आकर कोई उनके परिवार के छह सदस्यों को गोली मार दे...तो पिकेट के लोग सवेरे 8 बजे आए हैं उसके पहले तक नहीं, रात में केवल घर के प्राणी ही शव की चिता करते रहे हैं। रात में वहां केन्द्रीय सरकार का शासन नहीं चल रहा है, दिन में जब पुलिस की फोर्स जाती है तब कुछ होता है और उन लोगों की एक और बड़ी दर्दनाक अपील है। उन्होंने कहा है कि क्या केन्द्रीय सरकार ने यह मान लिया है कि यहां खालिस्तान बन गया है। देश के किसी कोने में कोई दुर्घटना होती है, आज पानीपत की घटना हुई, वहां मुख्य मंत्री गए और भी कोई मंत्री जा सकते हैं। भजन लाल भी वहां जा सकते हैं और जाना चाहिये।

कृषि मंत्री (श्री भजन लाल) : मैं भी जाकर आया हूं।

श्री अश्विनी कुमार : बहुत अच्छी बात है, मैं स्वागत करता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप क्लेरीफिकेशन पूछ लीजिए।

श्री अश्विनी कुमार : परन्तु प्रश्न पंजाब के लोग पूछते हैं कि पंजाब के अंदर इतनी घटनायें हो रही हैं, क्या दिल्ली की केन्द्रीय सरकार का कोई मंत्री, प्रधान मंत्री, गृह मंत्री, गृह राज्य मंत्री हमारे आंसू पोंछने, या हमारी बात पूछने आया है ? कहीं उद्घाटन करने गये होंगे या किसी मीटिंग में गये होंगे।

श्री दरबारा सिंह (पंजाब) : भजन लाल जी गए।

श्री अश्विनी कुमार : मैं पंजाब की बात कह रहा हूं दरबारा सिंह जी, वहां के जो पलायनकर्त्ता आप से कह रहे हैं, उसमें जब आपको स्पष्टीकरण देना होगा तो दीजियेगा। उनकी यह भावना है कि केन्द्रीय सरकार भी हमको राइटआफ् कर रही है, हमको खालिस्तान बना दिया और यह भावना उनके अन्दर बस गई है। पंजाब के अन्दर जब हम लोग घूम रहे थे अमृतसर शहर के अंदर गोल्डन-टैंपल के बगल में रात को 9 बजे तो लोगों ने कहा कि आज आप लोग आयें हैं, आप के साथ सैक्युरिटी फोर्स हैं इसलिये इस अंधेरे में यहां गलियों में कोई दिख रहा है वरना 7 बजे के बाद तो गली में कोई निलकता नहीं है। यह भयानक स्थिति वहां हो गयी है। यह विश्वास वहां की जनता के मन में बस गया है कि केन्द्र की सरकार ने हमको खालिस्तान में छोड़ दिया है। जब विश्वास जनता के मन से उठ जाता है तो शासन करना असम्भव होता है। शासन पुलिस की संख्या या मिलिट्री की संख्या पर नहीं होता, उसके रुतबें पर होता है कि कितना है और जो क्राइम करेगा वह पकड़ा जायेगा। आज उसको लगता है कि हमको मारनेवाला कोई पकड़ा नहीं जा रहा है। जो आतंकवादी हैं वे सरेआम घूम रहे हैं। सब जानते हैं कि कौन आतंकवादी है। किसने मारा है और किसी को पुलिस अरेस्ट करने में सक्षम नहीं रही है और इस प्रकार की पंजाब की स्थिति हाथ से बाहर जा रही है। उप सभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी आंखों देखा, कानों सुना हाल बताता हूं कि अमृतसर के लोगों के अन्दर यह कहना है कि गोल्डन टैम्पल के अंदर भन्यंकर सशस्त्र एकत्र हो रहे हैं, इसलिये पहले अखबारों में आया है कि जब बाहर हमारी चौकी बन रही थी तो गोल्डन टैंपल से निकल कर आतंकवादियों ने चौकी बनाने नहीं दिया। आज एक घटना की जानकारी मुझे मिली है। और मैं माननीय गृह मंत्री जी से उसका स्पष्टीकरण चाहूंगा कि सी०आर०पी० के डी०आई०जी० मि० विर्क जो कि स्वयं सिख हैं, जो गोल्डन टैम्पल के चारों ओर निरीक्षण कर रहे थे तो उनको गोली लगी गोल्डन टैम्पल से और उनके मुंह में गोली लगी और वह घायल हो कर अस्पताल में चले गए हैं। अगर अमृतसर के अन्दर गोल्डन टैम्पल के अन्दर ये घटनायें हो रही हैं और सरकार कुछ करने में सक्षम नहीं है तो यह सरकार की अक्षमता है जिसके लिये गरीब

[श्री अश्विनी कुमार]

निरीह प्राणी मारे जा रहे हैं और अधिक मारे जायेंगे । उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं और यह देश के लिये बहुत घातक है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद केन्द्रीय सरकार ने कुछ काम करना प्रारम्भ किया था पिछले नवम्बर-दिसम्बर में प्रति दिन का जो स्कोर बोर्ड मरने वालों का है दुर्भाग्य से मैं कह रहा हूं स्कोरबोर्ड आफ द डैड एवरी डे घट कर 3–4–5 पर आ गया था आज वह 20–25–30 पर चला गया है । इस का कारण गृह मंत्री चाहे जो सोचते हों, पंजाब के लोगों का यह सोचना है कि जिस ढंग से अकाल तख्त के जत्थेदारों को छोड़ा गया और केन्द्र सरकार के आर्डर गये उनका स्वागत करने के लिये कलैक्टर, कमिश्नर, एस०पी० और डी० आई०जी० एअरपोर्ट पर उपस्थित रहें हमने सरकारी तन्त्र को डी-मारेलाइज कर दिया है अब मीटिंग्ज करने से, रेड अलर्ट करने से यह तो हमेशा की घटनायें जब होती हैं तो किया जाता है, परन्तु क्या सरकार की पोलिटीकल विल बन गई है कि हमको टैरोरिज़म को रोकना है या उन्होंने अन्दर ही अन्दर कोई समझौता 370 के अन्तर्गत कर लिया है, किसी के अन्दर रोड़े साहब या अकाल तख्त से कर लिया है और पंजाब को उनको देने के लिये छोड़ दिया है ? यह राष्ट्र की अस्मिता का प्रश्न है पजाब केन्द्रीय सरकार की पोलिटीकल विल का प्रश्न है । वहां के अधिकारी कह रहे हैं कि हम लोगों को विश्वास नहीं है कि यह टैरोरिस्ट्स को खत्म करने की पोलिटीकल विल है, हमारी तो धारणा है कि समझौता हो चुका है, इसलिये हम कुछ करने में असमर्थ हैं । यह वहां की स्थिति का जेनिसिज है कि जिसका परिणाम अब ओवरफ्लो होकर हरियाणा में आना शुरू हुआ है । हमसे पहले भी दो बार हरियाणा में अटैक हो चुका है सी०पी०आई० के एम०एल०ए० पर अटैक हुआ, बी०जे० पी० के एम०एल०ए० पर अटैक हुआ, बसों पर अटैक हुआ और आज यह हुआ । पहले यह अटैक होते थे पंजाब से सटे हुये क्षेत्रों में और आज अटैक होता है पानीपत में, दिल्ली से सटे हुए क्षेत्र में और यह उसकी भयंकरता का द्योतक है कि पंजाब में उन्होंने अपनी फतेह मान ली है और बढ़ कर दिल्ली और हरियाणा की ओर बढ़ रहे हैं । ये घटनायें उत्तर प्रदेश में भी पहुंची हैं, एक एम०एल० ए० की हत्या हो चुकी है कानपुर के अंदर ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस सारी स्थिति से निपटने के लिये जो पोलिटिकल विल है, उसको सरकार डिफाइन करे और ऐसे डिफाइन करे कि उसके अधिकारियों को विश्वास हो कि कुछ करना है और अधिकारियों के साथ-साथ पंजाब में रह रही जनता को विश्वास हो कि सरकार कुछ करना चाहती है । आज यह विश्वास पूर्णतया उठ चुका है । मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री के सामने यह नम्र निवेदन करना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज जो पानीपत की घटना हुई है, इसके बारे में अब मैं दो–तीन छोटी जानकारी जानना चाहूंगा इस स्पष्टीकरण के अलावा । एक तो, क्या यह सत्य है कि जो वहां पर आतंकवादी आये थे, वे पुलिस की यूनीफार्म में थे । दूसरा, जो आर्मस का प्रश्न उठाया मेरे मित्र ने, कि उनके पास मोडर्न आर्मस हैं और मोडर्न आर्मस की कहानी हम पिछले तीन महीनों से अखबारों में सुन रहे हैं कि ए० के० 47 उनके पास हैं, जिसके बराबर हमारे पास कुछ नहीं है । मैं अभी पंजाब गया था, वहां देखा, अधिकांश हमारे सिपाहियों के पास पुराने, प्रथम महायुद्ध के थ्री-नोट थ्री के राइफल हैं, जो कि लाठी से ज्यादा नहीं हैं । तो मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि आतंकवादियों से अच्छे या बराबर के वेपेन्स सी०आर०पी० और पुलिस पंजाब, हरियाणा, दिल्ली को देने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ? क्या कोई वेपेन्स मंगाये गये हैं ? आज सरकार ने कहा कि कुछ हमने हरियाणा को दिये हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन होगा कि— जिस प्रकार से आतंकवादियों की गतिविध बढ़ रही है, जिस प्रकार से उनके हौंसले बुलंद हो रहे हैं, जिस प्रकार से उनकी एक्टिविटीज बढ़ रही है, उसको मद्देनजर रखते हुए जितने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और इस प्रकार के आतंकी क्षेत्र हैं, वहां पुलिस और सी० आर०पी० के जो आफीसर हैं, उनको मोस्ट मोडर्न वेपेन्स सरकार को देने चाहियें,

चाहे दुनिया के जिस कोने से, जिस दाम पर मिलते हों, लेकर इमीजियेट देश की अस्मिता के लिये अवश्य देने चाहियें। इस बारे में मैं गृह मंत्री जी से स्पष्टीकरण चाहूंगा।

तीसरा, मैं यह कहूंगा कि जैसा आज गृह मंत्री जी ने कहा कि मीटिंग की, बहुत अच्छा किया, मीटिंगें कीजिये, परन्तु मीटिंग धरातल पर उतरकर हों। इसके लिये मैं फिर से निवेदन करना चाहूंगा स्पष्ट-तया कि जो पोलिटिकल बिल है, राजनीतिक निर्णय है, वह उनसे समझौते का नहीं है, खालिस्तान देने का नहीं है, 370 देने का नहीं है और जो देश के अंदर आतंकवाद पैदा कर रहे हैं, जिनके हाथ के ऊपर हजारों का खून चढ़ चुका है, उनसे कोई वार्ता नहीं करेंगे।

अन्त में मैं एक ही प्रश्न पूछना चाहूंगा। हमारी सरकार काम करती है, काम करने की क्षमता है, जब निर्णय कर ले और जब काफी लोग मर जाते हैं तब काम करती है। मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में और कितने शव गिर जाने पर हमारी सरकार हरकत में आएगी? यह बताने की कृपा करें।

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Before further clarifications are sought, let the Minister, Mr. Chidambaram, confirm or deny this disturbing report. We want to know whether DIG Virk had been attacked this morning. If he had been, then why did he not disclose that fact to this House in his statement? That means he wants to keep the House in the dark. Let him deny or confirm. Then alone the discussion will have some meaning.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): After the clarifications. *His statement is about Panipat.*

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: No, he has referred to the situation in Punjab also.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): The procedure is like this. Members will ask clarifications and then the Minister will reply. (*Interruptions*)

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश): यह तो बतलाना चाहिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: सभापति जी, अगर अश्विनी कुमार को यह रिपोर्ट न मिलती तो आज सदन में उसकी चर्चा न होती, गृह मंत्री मुंह बंद करके चले जाते।

PROF. C. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh): There is a small problem. He may take the stand that his statement was about Haryana.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: No, he has referred to the situation in Punjab. Let him confirm or deny. (*Interruptions*)

SHRI KALPNATH RAI: Let the Home Minister tell.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार): अगर सत्य है तो मंत्री महोदय को उसको बताना चाहिये था। . . . (**व्यवधान**) . . .

SHRI A. G. KULKARNI: He should speak out what is the fact. (*Interruptions*)

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): I want to place it on record that the entire House would like to ask the Home Minister about the incidents that took place not only on the 7th, but also that took place on 8th and even today. We must have a comprehensive statement. I know he is not prepared, but could he kindly give it just right now?

SHRI P. CHIDAMBARAM: Mr. Vice-Chairman, Sir, there is no attempt at all to withhold anything fro mthe House. This statement mainly deals with the incident that took place in Panipat. That is how this statement was drafted and copies made and circulated. But I have with me information which I will give while answering your clarifications about something

[Shri P. Chidambaram]

just now happening in Amritsar... (*interruptions*)... Just as I am on the telephone to the other end, I cannot possibly prepare a statement, make copies and give it. But, I shall answer the point which Mr. Ashwani Kumar has made. I will share with the House as much information as I have until 15 minutes ago. But please don't find fault with this statement because this statement was prepared based upon the incidents in Panipat. I shall answer all the questions which Mr. Ashwant Kumar has raised.

SHRI K. G. MAHESWARAPPA (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, I agree with the submissions made by earlier speakers that the hon. Minister of State for Home should have come forward with a comprehensive statement. In fact, on the same Saturday night, not only in Paniat but also in several towns in Punjab, a number of persons were killed. About 7 people were killed in Kapurthala district, 3 people were killed in Jalandhar district, one in Amritsar district, one in Gurdaspur district. In fact, the terrorists grouped themselves into three groups and then bifurcated and operated not only in certain towns in Punjab but also in Haryana. The Minister should not make it a point that only in Haryana these incidents took place and elsewhere in other parts of Punjab, the terrorist activities are under control. He should not make it appear that terrorist activities are under control in Punjab. If I may say so, by these killings not only the people in Northern side are concerned but the people of the South, where I come from, are also very much cncerned. In fact this morning I was in Bangalore and they shudder to hear every day the killings in Punjab and its escalation in different parts of the country. We are also very much concerned about it.

The Minister of State for Home, Mr. Chidambaram while replying to the debate on extension of President's rule in Punjab has said that he is personally supervising every function of the Government and it is under control, the Government is having a grip over the situation in Punjab. He made such a statement. He cannot fool the people. In fact, it is not the affair of the Central Government alone. Every one of us, every State Government, every party is concerned with the situation in Punjab and the situation being escalated elsewhere. Therefore, my submision is that the Central Government instead of organising fake marches, instead of organising Freedom Run, should organise a run for Members of Parliament irrespective of political parties to Punjab, to Haryana or anywhere else to fight this terrorism. I am sorry to say that only Mr. Barnala had condemned these activities and other Akali leaders have not condemned. This whole country is watching the situation. We are fortunate that there is not Hindu-Sikh rivalry in spite of mass killings and we are very happy about such a situation. In Sikh community also there are great leaders and they must come forward to condemn the dastardly activities. It is their responsibility to condemn these things. It is shame on our part that members of a marriage party consisting of children, women and men were killed. When we saw the photos of killings in Panipat tears rolled down from our eyes. This kind of things should not be allowed to go on like this. We cannot make merely a statement and get away from it. It is not merely the responsbility of the Chief Minister of Haryana or the Home Minister but it is the responsibiilty of every one of us in public life to see that peace is maintained in Haryana and everywhere. But I am sorry to say that the Congress President of Haryana State says "because of these incidents, Mr. Devi Lal should resign." The Central Government has taken over the administration in Punjab. What is the position there? I ask: should not the Prime Minister or the Home Minister resign because of the killings in Punjab? You cannot politicise these matters and indulge in mudslinging on the popularly elected leader of Haryana. With these words, I request that the Government should come forward with a comprehensive statement with regard to the assistance given to the Haryana Government. He has given a particular list of the weapons they need, the police assisatnce they require and whether such assistance has

been provided by the Central Government. Further I would like to know as to what steps the Government is taking in all the northern States to control this menace.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मुझे आपत्ति है इस बात पर कि मंत्री जी ने जो स्टेटमेंट यहां पर दिया है, वह सुग्रो-मोटो दिया है हरियाणा में जो दुखद घटना 7 तारीख को हुई उस पर। 7 तारीख को ही पंजाब में भी घटना हुई और हत्याएं हुई। आज भी कुछ घटनायें हुई हैं। तो जो मंत्री जी ने स्वयं स्टेटमेंट दिया है उसमें इन घटनाओं को छिपाने की कोशिश की है।

दूसरे; कब तक इस प्रकार के निर्दोष लोगों का नरसंहार होता रहेगा। चाहे संसद हो या सरकार हो इस प्रकार की घटनाओं के लिये मूकदर्शक बनी नहीं रह सकती। हम लोग रोज देखते ही रहेंगे और उसके बाद वक्तव्य आते रहेंगे और घटनायें भी होती रहेंगी। अगर पंजाब में आतंकवाद की घटनायें समाप्त हो जातीं तो इस प्रकार की घटनाएं न हरियाणा में हो सकती थीं, न उत्तर प्रदेश में कानपुर में हो सकती थीं जहां एक विधायक कटियाल की हत्या की गयी जो मोटर साईकिल में जा रहे थे और उनके शैडो जो इलाहाबाद के रहने वाले थे, उनकी भी हत्या हो गयी। जो आतंकवादी हैं वे पंजाब में हैं और सारे देश में फैल रहे हैं। चूंकि पंजाब में राष्ट्रपति शासन है, वहां की विधिवत चुनी हुई सरकार को बर्खास्त किया गया और सत्तारूढ़ दल जो है वह हत्याओं को रोकने में विफल रहा जिससे इनका प्रभाव देश के अन्य हिस्सों पर भी पड़ रहा है।

श्रीमन्, मैंने आज समाचार पत्रों में पढ़ा कि श्री देवीलाल ने केन्द्र सरकार से विशेष सहायता मांगी है ताकि वहां आतंकवादियों की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। तो मैं जानना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार ने इस सिलसिले में क्या निर्णय लिया और किस प्रकार की विशेष सहायता हरियाणा की सरकार को देने का निर्णय किया है। इस बारे में मंत्री जी बताएं।

श्रीमन्, मुझे दुख है कि आज इस देश में कोई गांधी, लोहिया और जयप्रकाश नारायण नहीं है, लेकिन जहां तक मुझे स्मरण है, पिछले सत्र में या उसके पहले अटल जी ने सुझाव दिया था कि इस देश के प्रधान मंत्री को पंजाब में पदयात्रा करनी चाहिए। और भी जो राजनीतिक दलों के नेता हैं, वे भी प्रधान मंत्री के साथ यात्रा करेंगे ताकि वहां शान्ति स्थापित हो। यहां भी सदन में बार-बार आश्वासन दिया जाता रहा है और अभी 5 दिन पहले भी दिया गया कि पंजाब की समस्या को हल करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का सरकार का इरादा है। घोषणा हो चुकी है, लेकिन आज तक कोई बैठक नहीं हुई है। दांडी यात्रा की जाती है, राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए लेकिन क्यों नहीं प्रधान मंत्री इस प्रकार की घोषणा करते कि जो देश की राजनीतिक नेता है, जो देशभक्ति में किसी से कम नहीं हैं, उनकी वह सलाह लें और पंजाब में शांति स्थापित करें। इसलिए मेरा सुझाव है कि इस देश के प्रधान मंत्री को जो कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी हैं, फैसला करना चाहिए ताकि वहां शांति स्थापित हो सके।

श्रीमन् आज भी चेतावनी दी गई है, रोज चेतावनी दी जा रही है, लेकिन उसका क्या परिणाम होता है, यह आप देख रहे हैं। इसका मतलब यह है कि सरकार में दूरदर्शिता का अभाव है। मैं इस सिलसिले में यह भी जानना चाहता हूं कि जो बैठक हुई, उच्चस्तरीय बैठक हुई, उसमें जो हरियाणा के और पंजाब के उच्च अधिकारी आए, उसमें कुछ निर्णय लिए गए थे, कुछ ऐक्शन प्लान तैयार किया गया था, यहां पर घोषणा की गई थी, उसका विस्तृत विवरण मैं जानना चाहता हूं। जो बैठक हुई और जो पिछली बैठकें हुई, उनमें लिए गए निर्णयों को आपने किस प्रकार से लागू किया है, किस प्रकार से उनका कार्यान्वयन किया है, इस बारे में बताएं। आज की बैठक में आपने किस प्रकार का निर्णय लिया है। उसको बताएं और कम से कम जो 7 तारीख की घटना हुई, उसके बारे में

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

सदन में गृह मंत्री जी को वक्तव्य देना चाहिए ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उप-सभाध्यक्ष जी, अभी भी मुझे यह पता नहीं लगा है कि डी० आई० जी० विर्क पर हमला हुआ है या नहीं हुआ है । श्री चिदम्बरम जी से मुझे यह आशा नहीं थी। वे हमारे योग्य मंत्रियों में हैं, वे सदन को विश्वास में लेकर चलते रहे हैं । यह ठीक है कि यह वक्तव्य पानीपत के बारे में है लेकिन इस वक्तव्य में एक पैरा पंजाब के बारे में भी है, लेकिन वह पैरा ऐसा है जो यह तस्वीर पेश करता है कि पंजाब में स्थिति सुधर रही है। अगर स्थिति सुधर रही है तो फिर डी० आई० जी० पर हमले की बात कैसे आ सकती है । अगर उसे कहना होगा तो चलते-चलते आखिर में कह दिया जाएगा, सदन उठ जाएगा । क्या इसी भावना से श्री चिदम्बरम काम करते हैं । अभी भी मुझे पता नहीं है और अगर डी० जी० आई० पर हमला हुआ है, स्वर्ण मंदिर परिसर से हुआ है और वह डी० आई० जी० विर्क हैं और वे अस्पताल में पड़े हैं, उनके चेहरे पर गोली लगी है । यह हमें अमृतसर से समाचार मिला है, लेकिन मैं चाहता हूं कि उसको कन्फर्म किया जाए ।

SHRI P. CHIDAMBARAM: I shall answer when I reply. I cannot interrupt such... (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He will be replying.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: You should have incorporated that report in this statement. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): The observation should have been included in the speech. He has said like that. (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उप-सभाध्यक्ष जी, मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि अगर अश्विनी कुमार को पता न होता कि आज अमृतसर में क्या हुआ है तो क्या ऐसा नहीं होता कि सदन इस बारे में चर्चा ही नहीं करता और चिदम्बरम चुप्पी साधकर सदन से चले जाते । बड़े अफसोस की बात है । उप-सभाध्यक्ष जी, लेकिन मैं श्री चिदम्बरम की इस अपील से सहमत हूं कि पानीपत में जो कुछ हुआ है उसके बाद हर कीमत पर साम्प्रदायिक एकता, हिन्दू-सिख भाईचारा बनाए रखा जाना चाहिए । लोगों की भावनाएं भड़क सकती हैं । लोग क्रोध में पागल हो सकते हैं और इस सदन से यह आवाज जानी चाहिए संसद से जानी चाहिए कि आतंकवादी अगर देश को तोड़ना चाहते हैं तो हम उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे और किसी भी कीमत पर हिन्दू-सिख एकता पर आंच नहीं आने देंगे । केवल पानीपत में शांति समिति की बैठक बुलाना आवश्यक नहीं, काफी नहीं हैं, सारे हरियाणा का सवाल है। अभी तक आशंका यह थी कि पंजाब में क्योंकि आतंकवादियों पर प्रेशर पड़ा है इसलिए वे पंजाब से लगे हुए क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करेंगे और अनुमान यह था कि उन्हीं जिलों में करेंगे जो जिले पंजाब से लगते हैं, वह पानीपत तक पहुंच गए । कल दिल्ली में भी वह कत्लेआम कर सकते हैं । मैं मानता हूं कि यह आतंकवाद की प्रकृति है, आतंकवाद का स्वरूप है, वह कहीं भी किसी भी समय हमला कर सकते हैं । उसका हमें प्रबंध करना होगा लेकिन किसी भी स्थिति में शान्ति भंग नहीं होनी चाहिए । मैं इस बात से सहमत हूं । फिर मैं यह कहना चाहता हूं कि यह पानीपत के बारे में भी वक्तव्य ऐसा है जो संतोषजनक नहीं है ।

"On 7th May, 1988 at about 11.30 p.m., 3 or 4 terrorists struck at a marriage party in the outskirts of Panipat with AK-47 rifles."

राइफल्स के बारे में सरकार सुनिश्चित है। भले ही प्रैस रिपोर्टस यह कहती है कि अलग-अलग तरह का एमिनेशन बाद में पड़ा हुआ पाया गया, लेकिन आतंकवादी तीन थे या चार थे इसके बारे में सरकार के मन में दुविधा है, कोई निश्चित जानकारी नहीं है । वहां भीड़ थी, वहां

विवाह हो रहा था। आतंकवादियों की संख्या पता लगाई जा सकती थी। तीन या चार का भी पता नहीं लग सकता। श्री चिदम्बरम कह सकते हैं कि हमें हरियाणा सरकार से जो जानकारी मिली है वह सदन को दे रहा हूं। आप हरियाणा पर जिम्मेदारी डालेंगे तो सदन आप से फिर पंजाब की घटनाओं के बारे में पूछेगा तो फिर आपके ऊपर जिम्मेदारी डालेंगे क्या यही सिलसिला चलता रहेगा? क्या इस मामले में अभी भी राजनीति का खेल खेला जायेगा? मैं मानता हूं श्री चिदम्बरम के वक्तव्य राजनीति नहीं है। लेकिन बाद मे जो सवाल पूछे गये और जिस तरह के बयान बाहर दिये जा रहे हैं यह सारी देश की समस्या है। और इस देश की समस्या का हल तत्काल निकलना चाहिए नहीं तो स्थिति गंभीर होती जायेगी जिसके भयंकर परिणाम होंगे। मैं चाहता हूं पंजाब में जो कुछ हुआ है उसके बारे में गृह मंत्री सदन को विश्वास में लें। वह यह भी बतायें वह क्या करने जा रहे हैं। डी० आई० जी० पर हमला हुआ और यदि वह जिंदा है तो आतंकवादियों ने उसे छोड़ दिया इस कारण नहीं बल्कि वह अपने भाग्य से बचे हैं। श्री अटवाल पर हमला हुआ। स्वर्ण मन्दिर में मत्था टेकने गये थे पर बाहर निकलते ही हत्या कर दी। क्या इतिहास फिर दोहराया जायेगा हमने कहा था घड़ी की सूइयां पूरी घूम गयी है। सरकार क्या करेगी न मुझे जानकारी है और न देश को जानकारी है। इस बारे मैं सदन को बताया जाये।

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे सरकार से यह पूछना है सरकार का दृष्टिकोण आतंकवादियों से निपटने के लिए क्या है? जसबीर सिंह रोड़ा जो एक आतंकवादी था जिस को फिलिपिन्स से गिरफ्तार किया गया और गिरफ्ताश करके इंडिया लाया गया। जेल में बन्द किया गया और फिर उसको जेल से छोड़ा गया। अब वह मुख्य ग्रंथी बन गया है। अब उसस सरकार वार्ता कर रही है। क्या यह बात सही है कि जो पांच ग्रंथी छोड़े गये जोधपुर से क्या उनमें से दो पाकिस्तानी एजेंट थे? सरकार को साफ निर्णय करना होगा। आतंकवादियों को, खालिस्तान का नारा लगाने वालों को कुचल कर हम दम लेंगे। जिन्होंने इंदिरा गांधी की हत्या की है और इंदिरा गांधी के हत्यारों की जो आतंकवादी पूजा करते हैं, खालिस्तान का नारा लगाते हैं, बेअंत सिंह जिंदाबाद, सतवन्त सिंह जिंदाबाद का नारा लगाते हैं इस तरह के गद्दारों से, जनघाती, राष्ट्रघाती लोगों से क्या सरकार वार्ता करेगी? यह भारत की 78 करोड़ जनता जानना चाहती है। इन आतंकवादियों को कुचल देने का फैसला सरकार को करना चाहिए। भारत को तोड़ने की एक बहुत बड़ी साजिश है। यह मीठी बोली से, हाथ जोड़ने से, और टेबल पर वार्ता करने से समस्या हल नहीं होगी। आप गृह मंत्री हैं, पाणिग्रही जी भी गृह मंत्री हैं, बूटा सिंह जी भी गृह मंत्री हैं क्या आप काम नहीं संभाल सकते? आप सोचते क्यों नहीं? मैं बाहर था मैंने एक स्वर सुना कि आज भी 15-20 की हत्याएं हुई हैं। पता नहीं सच है या गलत। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि सरकार का एटीट्यूड क्या है, पालिटिकल दृष्टिकोण क्या है? मान लीजिए हमारे यहां कोई बहुत बड़ा कातिल हो। वह 100 कातिलों का मुलजिम हो और उसको हमने मनाली से गिरफ्तार कराया और जेल में डाल दिया। फिर थोड़े दिनों में यह फैसला होता है कि इस कातिल को जेल से छोड़ दिया जाये। और बी० एस० एफ० का प्लेन उसको जोधपुर से अमृतसर लाता है। उससे मिलने के लिए हमारे कलेक्टर, एस० पी० और सिद्धार्थ शंकर र जाते हैं। इससे तो कातिलों का मनोबल और मजबूत होगा और कमजोर मनोबल होगा तो हमारे सेना के नौजवानों का, बी० एस० एफ० और दूसरी फोर्स का। वे क्यों लड़ेंगे जब कि हिन्दुस्तान के कातिल को, देश की प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारों को इस सरकार के द्वारा सम्मान मिलेगा।

[श्री कल्पनाथ राय]

